## प्रेस विज्ञप्ति

### 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही/वर्ष के लिए वित्तीय परिणाम

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के निदेशक मण्डल ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही/वर्ष के लिए बैंक के लेखों का आज अनुमोदन किया है.

### वित्तीय वर्ष 24 के मुख्य बिन्दु

1. बैंक के निदेशक मण्डल ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष में अपेक्षित अनुमोदन के अधीन **रु. 3.60** प्रति इक्विटी शेयर (रु.10 प्रति इक्विटी शेयर के अंकित मूल्य का 36%) के लाभांश की संस्तुति की है.
2. **सशक्त वित्तीय कार्यनिष्पादन:**
   वित्तीय वर्ष 2024 के दौरान बैंक के निवल लाभ में वर्ष दर वर्ष आधार पर **61.84%** की वृद्धि हुई है. वित्तीय वर्ष 2024 के दौरान बैंक के निवल ब्याज आय में वर्ष दर वर्ष आधार पर **11.61%** की वृद्धि हुई है.
3. **बैंक ने सशक्त देयता अंश दर्शाना जारी रखा है**
   घरेलू जमाराशि में वर्ष दर वर्ष **8.42%** की वृद्धि हुई है. 31 मार्च, 2024 तक बैंक के पास कुल जमाराशि आधार ₹ **12,21,528** करोड़ है.
4. **कारोबार संवृद्धि में गति**
   बैंक के कुल कारोबार में वर्ष दर वर्ष **10.31%** की वृद्धि हुई है, जिसमें सकल अग्रिमों में वर्ष दर वर्ष आधार पर **11.73**% की वृद्धि हुई है और कुल जमाराशि में वर्ष दर वर्ष आधार पर **9.29**% की वृद्धि हुई है. 31 मार्च, 2024 तक बैंक का कुल कारोबार ₹ **21,26,412** करोड़ है.
5. **रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई (रैम) क्षेत्र में संवृद्धि**
   बैंक के रैम क्षेत्र में वर्ष दर वर्ष आधार पर **13.82%** की वृद्धि हुई है, जहां वर्ष दर वर्ष आधार पर रिटेल में **11.14%** की वृद्धि, कृषि में **20.95%** की वृद्धि और एमएसएमई अग्रिमों में **8.58%** की वृद्धि हुई है. घरेलू अग्रिमों के प्रतिशत के रूप में, रैम अग्रिम **56.90%** है.
6. **एनपीए में कमी: -**
   31.03.2024 को कुल एनपीए (%) वर्ष दर वर्ष आधार पर **277** बीपीएस की गिरावट के साथ **4.76%** रहा तथा निवल एनपीए (%) वर्ष दर वर्ष आधार पर **67** बीपीएस की गिरावट के साथ **1.03%** रहा है.
7. **सशक्त पूंजी अनुपात**
   31.03.2023 को सीआरएआर **16.04%** के सापेक्ष दिनांक 31.03.2024 को सुधार के साथ **16.97%** रहा. सीईटी 1 अनुपात दिनांक 31.03.2023 के **12.36%** के सापेक्ष 31.03.2024 को सुधार के साथ **13.65%** रहा.
8. **प्रतिलाभ में सुधार:**
   वित्तीय वर्ष 2024 के दौरान बैंक का आस्तियों & इक्विटी पर प्रतिलाभ सुधार के साथ **1.03%** & **15.58%** क्रमशः रहा.

### परिणाम की मुख्य विशेषताएँ

| ₹ करोड़ में | वित्तीय वर्ष 23 की चौथी तिमाही | वित्तीय वर्ष 24 की तीसरी तिमाही | वित्तीय वर्ष 24 की चौथी तिमाही | वर्ष दर वर्ष% | तिमाही दर तिमाही % | वित्तीय वर्ष 23 | वित्तीय वर्ष 24 | वर्ष दर वर्ष % |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्याज आय | 22,005 | 25,363 | 26,350 | 19.75 | 3.89 | 80,743 | 99,778 | 23.57 |
| ब्याज व्यय | 13,754 | 16,195 | 16,913 | 22.97 | 4.43 | 47,978 | 63,208 | 31.74 |
| शुद्ध ब्याज आय | 8,251 | 9,168 | 9,437 | 14.38 | 2.93 | 32,765 | 36,570 | 11.61 |
| गैर-ब्याज आय | 5,269 | 3,774 | 4,707 | -10.66 | 24.72 | 14,633 | 16,080 | 9.89 |
| एनआईएम% | 2.98 | 3.08 | 3.09 | 11 बीपीएस | 1बीपीएस | 3.07 | 3.10 | 3 बीपीएस |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| परिचालन लाभ | 6,823 | 7,278 | 6,533 | -4.26 | -10.24 | 25,467 | 28,211 | 10.77 |
| कुल प्रावधान | 4,041 | 3,688 | 3,222 | -20.26 | -12.64 | 17,034 | 14,562 | -14.51 |
| कर के पश्चात लाभ | 2,782 | 3,590 | 3,311 | 19.00 | -7.77 | 8,433 | 13,648 | 61.84 |

| ₹ (करोड़ में) | वित्तीय वर्ष 23 की चौथी तिमाही | वित्तीय वर्ष 24 की तीसरी तिमाही | वित्तीय वर्ष 24 की चौथी तिमाही | वर्ष दर वर्ष% | तिमाही दर तिमादी % |
|---|---|---|---|---|---|
| **तुलन पत्र** | | | | | |
| वैश्विक अग्रिम | 8,09,905 | 8,95,974 | 9,04,884 | 11.73 | 0.99 |
| घरेलू अग्रिम | *7,85,302* | *8,66,689* | *8,73,632* | *11.25* | *0.80* |
| *जिसमें से रिटेल* | *1,59,702* | *1,73,445* | *1,77,488* | *11.14* | *2.33* |
| *कृषि* | *1,51,993* | *1,77,583* | *1,83,833* | *20.95* | *3.52* |
| *एमएसएमई* | *1,25,022* | *1,36,746* | *1,35,748* | *8.58* | *-0.73* |
| *रैम अग्रिम* | *4,36,717* | *4,87,774* | *4,97,069* | *13.82* | *1.91* |
| जमाराशि | 11,17,716 | 11,72,455 | 12,21,528 | 9.29 | 4.19 |
| *जिसमें से कासा* | *3,94,055* | *3,97,107* | *4,10,134* | *4.08* | *3.28* |
| *रिटेल मियादी जमाराशि(<2 करोड़)* | *4,38,280* | *4,41,792* | *4,51,363* | *2.99* | *2.17* |
| *कासा अनुपात (%)- घरेलू* | *35.62* | *34.40* | *34.20* | *-142 बीपीएस* | *-20 बीपीएस* |
| जीएनपीए | 60,987 | 43,262 | 43,098 | -29.33 | -0.38 |
| एनएनपीए | 12,928 | 9,351 | 8,990 | -30.46 | -3.86 |

| अनुपात (%) | वित्तीय वर्ष 23 की चौथी तिमाही | वित्तीय वर्ष 24 की तीसरी तिमाही | वित्तीय वर्ष 24 की चौथी तिमाही | वर्ष दर वर्ष बीपीएस | तिमाही दर तिमाही बीपीएस |
|---|---|---|---|---|---|
| **आस्ति गुणवत्ता** | | | | | |
| जीएनपीए | 7.53 | 4.83 | 4.76 | -277 | -7 |
| एनएनपीए | 1.70 | 1.08 | 1.03 | -67 | -5 |
| पीसीआर | 90.34 | 92.54 | 92.69 | 235 | 15 |
| टीपीसीआर | 78.80 | 78.38 | 79.14 | 34 | 76 |
| क्रेडिट लागत | 1.77 | 0.56 | 0.66 | -111 | 10 |
| | | | | | |
| सीईटी-1 अनुपात | 12.36 | 11.71 | 13.65 | 129 | 194 |
| टियर-1 अनुपात | 13.91 | 13.05 | 15.00 | 109 | 195 |
| सीआरएआर | 16.04 | 15.03 | 16.97 | 93 | 194 |

**नेटवर्क:**

- 8,466 **शाखाएँ, विदेशी शाखाओं सहित**
- **8,982 एटीएम**
- 19,603 **बीसी पॉइंट्स**
- 135 **एमएलपी (एमएसएमई ऋण केंद्र)**
- **159 आरएलपी (रिटेल ऋण केंद्र)**
- **42 एएलपी ( कृषि ऋण केंद्र )**
- 105 **एमएसएमई फ़र्स्ट, शाखाएं**
- 1,**685 गोल्ड ऋण केंद्र**
- 19 **लार्ज कॉर्पोरेट शाखाएं एवं 40 मिड कॉर्पोरेट शाखाएं**
- **8 एसएएमबी एवं 30 एआरबी**

**वित्तीय समावेशन योजनाएं:**

सरकार समर्थित योजनाएं जैसे पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई, पीएमजेडीवाई और एपीवाई के माध्यम से भारत सरकार द्वारा शुरू की गई वित्तीय समावेशन योजनाओं का उद्देश्य बाधाओं को समाप्त करना और समाज के निम्न आय वर्ग को आर्थिक मूल्य वाली वित्तीय सेवाओं को प्रदान करना है.

- **प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई):**
  यह एक सरकार समर्थित जीवन बीमा योजना है जिसमें 31 मार्च, 2024 की समाप्त तिमाही में बैंक द्वारा 3.00 लाख नए नामांकन किए गए हैं.

- **प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई):**
  यह एक सरकार समर्थित दुर्घटना बीमा योजना है, जिसमें 31 मार्च, 2024 की समाप्त तिमाही में बैंक द्वारा 7.83 लाख नए नामांकन किए गए हैं.

- **प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई):**
  हमारे बैंक ने 31.03.2024 तक पीएमजेडीवाई योजना के अंतर्गत ₹ 10,918 करोड़ की राशि के कुल 2.95 करोड़ खाते खोले हैं. 31.03. 2023 तक ₹ 9,046 करोड़ की राशि के कुल 2.80 करोड़ खाते खोले गए थे.

- **अटल पेंशन योजना (एपीवाई):**
  एपीवाई एक पेंशन योजना है, जो मुख्य रूप से असंगठित क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों पर लक्षित है तथा 31 मार्च, 2024 की समाप्त तिमाही में बैंक द्वारा 2.00 लाख नए नामांकन किए गए हैं.

- **महिला उद्यमियों के लिए यूनियन नारी शक्ति**:
  वित्तीय वर्ष 2024 के बारह माह के दौरान ₹ 2,555 करोड़ के 22,676 आवेदन मंजूर किए गए.
- **हरित पहल की ओर ऋण सुविधा: -**
  1) **नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र: -** 31.03.2024 तक ₹ 23,059 करोड़ की ऋण राशि मंजूर की गई.
  2) **यूनियन ग्रीन माइल्स: -** 31.03, 2024 तक ₹ 462 करोड़ की ऋण राशि मंजूर की गई.

दिनांक: 10 मई, 2024
स्थान: मुंबई

प्रेस